तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 28 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



6 अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस




## खबर संक्षेप

### अवैध ईंट बनाने वालों पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** ग्राम दमिया, बीट मुनगाडीह, परिक्षेत्र सहायक पाली, वन परिक्षेत्र पाली के वन कक्ष क्रमांक ओए 584 में मिट्टी का अवैध उत्खनन कर ईंट बनाया जा रहा था। टीम ने जप्ती की कार्यवाही करते हुए आरोपी के ख़िलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17284/07 दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### श्रीअखंड नवधा रामायण कथा यज्ञ 31 से

**हरदीबाजार।** ग्राम नेवासा में सर्व यादव समाज एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से 31 जनवरी को कलशयात्रा से आरंभ होकर 9 फरवरी को समापन होगा। वहीं 10 फरवरी को चढ़ोत्तरी, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा हवन व भंडारा होना है। आयोजन के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती भवानी राजेश राठौर, पालिका दीपका के नेता प्रतिपक्ष अनुप यादव, सरपंच धर्म सिंह कंवर रहेंगे। धार्मिक अनुष्ठान पंडित पुष्पेंद्र शुक्ला के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर उपसरपंच शिवलाल यादव, शारदा यादव, भुवन यादव, विनय यादव व रामकुमार यादव सहित सर्व यादव समाज व ग्रामवासी तैयारी में लगे हुए हैं।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा हेतु किया गया पर्यवेक्षक नियुक्त

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छग कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के मार्गदर्शन में व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, डॉ शिव डहरिया, अमरजीत भगत एवं उमेश पटेल को प्रदेश संयोजक बनाया है। इसके अलावा जिलेवार पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये गये हैं। जिसके तहत जिले के लिए पूर्व विधायक नोबेल वर्मा एवं यूडी मिंज को पर्यवेक्षक बनाया गया है। उक्त आदेश जारी करते हुए कांग्रेस संगठन के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु ने प्रदेश संयोजकों एंव जिला पर्यवेक्षकों से आग्रह करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रस्तावित जिलों में दौरा कर यात्रा को सफल बनाने समूचित योजना बनाने को कहा है।

### ताईक्वांडो स्वर्ण आमंत्रण कप के लिए टीम रवाना

कोरबा। 5वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो स्वर्ण आमंत्रण कप का आयोजन बिलासपुर ज़िले के ज़िला खेल परिसर सरकंडा में आयोजित किया जा रहा है। ज़िला कार्यकारी सचिव एवं मुख्य कोच प्रेमराज बंजारे ने जानकारी दी कि उक्त प्रतियोगिता 28 से 31 जनवरी तक आयोजित होगी। जिसमें ज़िले से बालिका वर्ग में खिलाड़ी प्रेरणा चौहान, दक्षा श्रीवास, मिया अलपट्ट, रुचिश्री राहांगडाले, भूमिका जगत, आर्या सेठी, अलिशा, जसमीत कौर एवं बालक वर्ग में हर्षराज कुर्रे, जॉनसन एक्का, कन्तवराप ऋषित, प्रणव निर्मलकार, अथर्व समासी, अर्णव यादव, अद्वितीय यादव, रेयांश यादव ताईक्वांडो कोच देवाशीष कश्यप, रिया श्रीवास, स्नेहा बंजारे रवाना हुए। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सभी मैच सेंसर सिस्टम के साथ होगा। ज़िला ओकंपिक संघ अध्यक्ष नौसाद ख़ान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफ़र, कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग, सहसचिव जावेद ख़ान, ज़िला ताईक्वांडो संघ कार्यकारी अध्यक्ष अविनाश बंजारे, किरण निराला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीत शर्मा उपाध्यक्ष, सचिव दुर्गेश साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत साहू, सदस्य सुयश चंद्रा, रानी काकोड़िया, ब्रजेश बाजपेयी, अशोक यादव, ज़िला खेल अधिकारी दिनु पटेल, ज़िला क्रीड़ाधिकारी केआर टंडन ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है।

# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को आउटडोर इलाज के लिए मिलेगा 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एसईसीएल से सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के लिए एक अच्छी खबर है। सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को अब आउट डोर इलाज के लिए प्रतिवर्ष पति पत्नी को 25-25 हजार रुपए मिलेगा। पूर्व में कोल इंडिया द्वारा पति पत्नी को मिलाकर 25 हजार रुपए की राशि दी जाती थी जिसे बढ़ाकर अब 50 हजार रुपए कर दिया गया है।

कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन की अध्यक्षता में कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में पीआरएमएसएनइ व ट्रस्टी बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। ट्रस्टी बोर्ड की बैठक में बताया गया कि एक्च्यूरी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2031 तक फंड खत्म हो जाएगा। कोल कंपनियों में नयी नियुक्ति कम होने और सेवानिवृत्त कर्मियों की संख्या बढ़ने से यह स्थिति बनी है ऐसे में इलाज में परेशानी होगी। इसलिए अंशदान बढ़ाने पर जोर दिया गया। हालांकि अंशदान बढ़ाने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हो सका है। सीपीआरएमएस के माध्यम से सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को 8 लाख तक का इलाज व गंभीर रोगों में उपचार की पूरी राशि देने का प्रावधान है। बैठक में तय किया गया है कि आउटडोर इलाज के लिए अब प्रतिवर्ष पति-पत्नी को 25-25 हजार मिलेगा। पूर्व में कोल इंडिया ने पति-पत्नी को मिलाकर 25 हजार देने का आदेश जारी किया था। ट्रस्टी बोर्ड की बैठक में इसे संशोधित कर पति-पत्नी दोनों को 25-25 हजार यानी कुल 50 हजार रुपया देने पर सहमति बनी। एटक से अशोक चंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में 8 हजार करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध है। हर साल डेढ़ से 2 हजार करोड़ की राशि की निकासी हो रही है। कोलकर्मी की ओर से एकमुश्त 40 हजार रुपया का अंशदान व कोल इंडिया की ओर से प्रतिकर्मी 18 हजार दिया जाता है। मौजूदा समय में अंशदान से कई गुणा ज्यादा निकासी हो रही है। बैठक में प्रबंधन की ओर से एमसीएल डीपी, सीसीएल डीपी, कोल इंडिया के इडी (फाइनेंस) के अलावा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों में बीएमएस से पी माघवा नायक, एचएमएस से शंकर प्रसाद बेहरा, एटक से अशोक चंद्र यादव व सीटू वामन नेनु मनोहर आदि शामिल थे।

### ट्रस्ट में 8 हजार करोड़ का फंड उपलब्ध

**खास बातें**

- पूर्व में कोल इंडिया में पति और पत्नी को मिलाकर दी जाती थी 25 हजार की राशि
- बैठक में अंशदान बढ़ाने पर जोर



## पीएचई विभाग पेयजल उपलब्धा कराने ग्रामीण क्षेत्रों में चला रहा योजना

# जहां बिजली की सुविधा वहां लगाए जा रहे सोलर संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब तक जहां बिजली की सुविधा नहीं थी उन क्षेत्रों में सोलर संयंत्र के द्वारा पानी लेने जैसे योजनाएं चलायी जाती थी, लेकिन अब जिन ग्राम पंचायतों में बिजली की सुविधा है वहां सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं। पीएचई विभाग अपनी इस योजना के तहत जिले के ग्रामीण अंचलों के हैंडपंप में सोलर सिस्टम से पानी की सुविधा ग्रामीणों को दिलाने की योजना पर कार्य कर रहा है। ग्राम कुदुरमाल में ग्रामीणों ने विभाग की इस योजना का खुलकर विरोध कर दिया है।

जिले के ग्रामीण अंचलों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार की दो योजनाएं जिले में चलाई जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिनमें ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- हैंडपंप में सोलर सिस्टम से पानी निकालने का चल रहा काम



### कुदुरमाल में ग्रामीणों ने नहीं लगने दिया संयंत्र

हसदेव नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायत कुदुरमाल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप में लगाए जा रहे हैं। सोलर संयंत्र का विरोध कर दिया है। उनका कहना है कि जब हैंडपंप से पानी ही नहीं निकल रहा तो सोलर संयंत्र लगाने का क्या औचित्य है। वहीं दूसरी ओर जब ग्राम पंचायत में बिजली की सुविधा है तो फिर ऐसे संयंत्र क्यों नहीं लगाए जा रहे हैं जिनमें बिजली का उपयोग हो सके। एमबीएस योजना अंतर्गत कुदुरमाल में हसदेव नदी में बने अनीकट से पानी को गांव तक पहुंचना था। इसके लिए हसदेव नदी के किनारे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाना था और वहां से पाईप लाईन बिछाकर गांव तक पानी ले जाने की योजना थी, लेकिन इस योजना को निरस्त कर सोलर सिस्टम की योजना लाई गई। इसी तरह ग्राम पंचायत बेला में जहां जलस्तर नीचे है वहीं ग्राम पंचायत अजगरबहार में बिजली पहुंची है। उसके आश्रित ग्राम केउबहार में सोलर संयंत्र लगाने का काम चल रहा है।

### इन ग्रामों में सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं

विभाग ने पूरे जिले में 200 से अधिक ग्रामों को चयन किया है, जहां हैंडपंप में सोलर सिस्टम लगाने की तैयारी है। हालांकि पहले दौर में बड़े ग्राम पंचायतों को चयन किय है, जो जल जीवन मिशन और एमबीएस योजना के तहत चयनित हुए थे। इनमें ग्राम पंचायत बेला, ग्राम पंचायत अजगहर बहार, ग्राम पंचायत कुदुरमाल, ग्राम पंचायत दूधीटांगर शामिल है। जहां सोलर संयंत्र लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इन ग्रामों में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। गांव में लगे कुछ हैंडपंपों से पानी उतनी मात्रा में नहीं आ रहा है जल स्तर नीचे होने के कारण गर्मी में यहां हैंडपंप फेल हो जाते हैं।

### संयंत्र से मिलेगा पानी

जिन क्षेत्रों में जल स्तर नीचे है उन क्षेत्रों के हैंड पंप और ट्यूबवेल से पानी बिजली से नहीं मिल सकेगा इसलिए सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं जिससे गांव में हमेशा पानी मिलते रहेगा। जल स्तर नीचे होने के कारण ही सोलर संयंत्र लगाने की जरुरत है। कुदुरमाल में विरोध होने की जानकारी उन्हें नहीं है।

**-अनिल कुमार,** कार्यपालन अभियंता पीएचई

# अब एसईसीएल में 45 वर्ष उम्र तक के आश्रित होंगे अनुकंपा नियोजन के हकदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब एसईसीएल कर्मियों के कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 45 वर्ष तक के उम्र के ही आश्रितों को अनुकंपा नौकरी दी जाएगी। कोलकाता मुख्यालय में आयोजित विशेष समिति की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अब 45 वर्ष उम्र तक के ही आश्रित अनुकंपा नियोजन के ही हकदार होंगे।

कोल इंडिया में अनुकंपा से संबंधित मामलों पर विचार करने को लेकर गठित विशेष समिति की पहली बैठक 24 जनवरी को कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मेल, फीमेल व थर्ड जेंडर को भी शामिल किया गया है। बैठक में तय किया गया कि अब आश्रित 45 वर्ष तक की उम्र तक नियोजन के हकदार होंगे। बैठक में शामिल एचएमएस के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडेय ने बताया कि डिपेंडेंट को परिभाषित किया गया है। मेडिकल अनफिट (9.4.0) जल्द शुरू करने की मांग रखी गयी है। एनसीडब्लूय के मुताबिक पहले से ही मेडिकल अनफिट पर नियोजन देने का प्रावधान है, इसे वर्तमान में अघोषित रूप से बंद कर दिया गया है। इसलिए इसे हर हाल में चालू करने की मांग रखी है। कोल इंडिया अनुकंपा समिति की पहली बैठक 6 फरवरी को आयोजित स्टैंडराइजेशन कमेटी की बैठक में पास होने के बाद उसे लागू कर दिया जाएगा।

**खास बातें**

- कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित विशेष समिति की बैठक में लिया गया निर्णय
- बैठक में मेडिकल अनफिट जल्द शुरू करने की रखी गई मांग




### बैठक में ये हुए शामिल

बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से सीसीएल डीपी एचएन मिश्रा के अलावा एनसीएल, एसइसीएल के डीपी व एससीसीएल के जीएमपी उपस्थित रहेंगे। जबकि श्रमिक संगठनों की ओर से एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, बीएमएस के राज कुमार सिंह, एटक से श्रीकांत चौधरी व सीटू से वीएम मनोहर शामिल थे। बता दें कि राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता (एनसीडब्ल्यू-11) के तहत कोल इंडिया व उसी सहायक कंपनियों में अनुकंपा से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष समिति का गठन किया गया है।

# दो दंतैल आपस में भिड़े चिंघाड़ से इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हाथी और मानव द्वंद्व का मामला कई बार सामने आ चुका है। अब दंतैल हाथी आपस में ही द्वंद्व करने लगे हैं। कटघोरा वन मंडल में केंदई रेंज के मड़ई गांव के समीप जंगलों में 49 हाथियों का दल अलग-अलग झुंड में विचरण कर रहा है। जब दो दंतैल आपस में भिड़े उस वक्त मौके पर 32 हाथियों का दल मौजूद था। इन्हीं हाथियों की निगरानी के दौरान फॉरेस्ट गार्ड ने मोबाइल से वीडियो बनाया है। वीडियो में साफ देख जा सकता है कि दो दंतैल हाथी आपस में भिड़ जाते हैं। दोनों दंतैल पहले हमले की मुद्रा में आते हैं। तेजी से चिंघाड़ते हैं फिर अलग हो जाते हैं। लेकिन कुछ सेकंड के बाद ही एक बार फिर से आपस में भिड़ते हैं। इस दौरान दोनों दंतैलों के चिंघाड़ने की तेज आवाजों ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। इस दल की गतिविधियों पर वन विभाग नजर बनाए हुए है।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के मड़ई गांव के जंगल का मामला



जंगल में द्वंद करतें दो दंतैल।

# बार्न उल्लू देखने लोगों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तिवरता निवासी गोगपा नेता विनय जायसवाल के घर की बाड़ी में सफेद उल्लू को देख कर लोग अचंभित हो गए। उल्लू को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले तो लोग सफेद उल्लू को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे थे, लेकिन कुछ लोगों ने उसकी पहचान की। वह दिन के उजाले में उड़ नहीं पा रहा था। उसकी देखरेख में ग्रामीण पूरे दिन जुटे रहे और वन विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद वन विभाग के टीम ने सफेद उल्लू का रेस्क्यू किया।

**खास बात**

- वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा



उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल अंतर्गत ग्राम तिवरता में विनय जायसवाल निवास करते हैं। प्रतिदिन की तरह शनिवार को भी विनय के परिजन सुबह बाड़ी की ओर गए हुए थे। इसी दौरान उनकी नजर एक जीव पर पड़ी, जो देखने से अजीब लग रहा था। यह खबर देखते ही देखते पूरे गांव में फैल गई। ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जा पहुंचे। मामले की जानकारी विनय जायसवाल ने वन विभाग के अलावा पक्षी प्रेमियों को दी। जिसके बाद कुछ ग्रामीणों ⏭ शेष पेज 4 पर

### रात में शिकार की करता है तलाश

बताया जा रहा हैं की बार्न उल्लू भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पाया जाता है। यह अपनी विशिष्ट चेहरे की संरचना और व्यापक वितरण के लिए प्रसिद्ध है। कृषि क्षेत्रों, गांवों और खुले स्थानों को पसंद करते हुए यह बाड़ों या अन्य उपयुक्त संरचनाओं में बसता है, जबकि रात के समय शिकार की तलाश में सक्रिय होता है। बार्न उल्लू का आहार मुख्य रूप से छोटे सांप, चूहे और छोटे पक्षी हैं, जिससे यह खाद्यान्तर के क्षेत्र में विशेषता से प्रभावी होता है, विशेषकर कृषि क्षेत्रों में में ये ज्यादा प्रभावी होता है। बार्न उल्लू भारत के विभिन्न हिस्सों में फैले हुए हैं, जो गांव से शहरी क्षेत्रों तक विभिन्न पर्यावासीय स्थानों में बसता हैं। उनकी विभिन्न पर्यावार्थ्यता ने उनकी उपस्थिति को मानव गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ा दिया है।

# क्रीड़ा शुल्क के नाम पर 5 सालों में 25 लाख की वसूली, इसके बाद भी 20 से अधिक प्रतियोगिताएं हर साल नहीं हो पातीं, सिर्फ ट्रायल के आधार पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

लोक शिक्षण संचालनालय के खेल कैलेंडर के हिसाब से स्कूली खेल जारी हैं। ब्लाक से लेकर जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं कराईं जा रही हैं। जिले की स्कूलों का आलम यह है कि यहां प्रतियोगिताएं कराना तो दूर बच्चों को अभ्यास करने के लिए न तो खेल सामग्री है और न ही मैदान। नतीजा बिना तैयारी के ही 70 फीसदी स्कूलों के बच्चे मैदान में उतर रहे हैं, जबकि हर साल हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से क्रीड़ा शुल्क के नाम पर करोड़ों रुपए वसूले जाते हैं। हाल यह है कि पिछले 6 सालों में 25 लाख रुपए क्रीड़ा शुल्क के रूप में बच्चों से लिए गए, लेकिन इसके बावजूद भी स्कूलों में खेल की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 9 वीं व 10 वीं के छात्रों से 50 रुपए और 11 वीं व 12 वीं के बच्चों से 65 रुपए क्रीड़ा शुल्क लिया जा रहा है। इस तरह जिले में हर साल करीब एक लाख बच्चों से और प्रदेशभर में करीब 25 लाख बच्चों से यह शुल्क लिया जाता है। जिले में करीब हर साल 5 लाख रुपए इसके तहत शासन के खाते में पहुंचता है। पिछले 5 सालों में 25 लाख रुपए की राशि सिर्फ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से ली गई है। इसके बाद भी खेल और खिलाड़ी सुविधाओं से वंचित हैं।

### मान्यता नियमों पर भी ध्यान नहीं

ध्यान रहे कि प्राइवेट स्कूलों को 10वीं और 12वीं की मान्यता देते समय स्कूल शिक्षा विभाग खेल मैदान और खेल गुरू अनिवार्य करता है। लेकिन सरकारी स्कूलों में यह नियम लागू नहीं होता। पिछले कई सालों में लगातार शासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है। लेकिन इनके साथ न तो खेल मैदान बढ़ रहे हैं और न ही खेल गुरू। नतीजा पिछले कई सालों से जिले के स्कूलों से खिलाड़ी ही नहीं निकले।

» अधिकांश सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री तो दूर मैदान भी नहीं

» तैयारी बिना ही 70 फीसदी स्कूलों के बच्चे मैदान में उतर रहे

### नियमित पीटीआई के पद सालों से खाली

यही नहीं पिछले 15 सालों से शिक्षा विभाग में नियमित पीटीआई के पद खाली पड़े हुए हैं। हालांकि 2 साल पहले प्रदेश भर में 745 पदों पर पीटीआई की नियुक्ति की प्रक्रिया जरूर शुरू की गई इसके बाद भी पद खाली ही रहे। इसके साथ ही 2008 में संविदा पदों से कुछ नियुक्ति जरूर की गई थी जिनकी बदौलत फिलहाल काम चल रहा है। महिला खेल प्रशिक्षकों की भी कमी है। नतीजा महिला खेल प्रशिक्षक के अभाव में शासकीय स्कूलों से बाहर खेलने जाने वाली छात्राओं की टीम को या तो रोक दिया जाता है या फिर उन्हें प्राइवेट स्कूलों की छात्राओं के साथ भेजा जाता है। यह समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है।

- ◆ 111 हायरसेकंडरी स्कूल हैं जिले में
- ◆ 103 हाईस्कूल हैं जिले में
- ◆ 50 और 65 रुपए एक बच्चे का क्रीड़ा शुल्क

### समीक्षा करनी पड़ेगी

संभाग और राज्य स्तर पर तो जिले की टीमें खेलने पहुंच ही जाती हैं। जहां तक बात जिला और ब्लाक स्तर की है तो टीमें क्यों नहीं बन रहीं और खिलाड़ी आगे क्यों नहीं आ रहें हैं, इसकी समीक्षा करनी पड़ेगी। जिला अधिकारियों की बैठक ली जाएगी। क्रीड़ा शुल्क का कहां और कितना उपयोग किया गया है, इसके बारे में भी जानकारी ले लेते हैं।

**- आरपी आदित्य,** ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग

### बंद कमरे का ताला तोड़कर लगा दी आग


**हरदीबाजार।** शुक्रवार को हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत भांठापारा बस्ती रोड स्थित कांजी हाऊस के एक कमरें में रखे ठोस अपषिष्ट पदार्थ के ताले को तोड़ कर कुछ असामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया। आग लगने से कमरे में रखा पूरा समान जलकर राख हो गया। वहीं आंचल स्व सहायता समूह के अध्यक्ष लता अनंत ने बताया कि समूह के द्वारा ठोस अपषिष्ट पदार्थ जिसकी लागत लगभग 15 हजार रूपए रही होगी। आगजनी की सूचना सरपंच व पुलिस थाना हरदीबाजार को दिया गया। सूचना मिलने पर हरदीबाजार पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही असमाजिक तत्व किस्म के लोगों घुमाते रहते हैं उन्हीं लोग आगजनी की घटना को अंजाम दिया होगा।

SWARNIMA ERA
2, 3 & 4 BHK INDEPENDENT BULGALOWS
BILASPUR (C.G.)

# ON-SPOT BOOKING

26th 27th and 28th Jan 2024

## Opening new living experiences.



BOOKINGS OPEN IN NEW PHASE

### 2, 3 & 4 BHK STYLISH INDEPENDENT BUNGALOW INR 41.99* LAKH ONWARDS.

- Grand Attractive Entrance Gate with water bodies
- 3 Dome Divine Temple
- Exclusive Club Swarnima • Club Terace Garden
- Swimming pool with Jaccuzzi & Kids pool
- 5 Big Landscape Garden with flower zone
- Children's Play area
- Gymnasium
- Meditation, Spa , yoga & Massage area
- Sculpture art statues with sitting zones & water bodies
- 60 ft Main road with designer street light
- Underground electrification & Water supply, with Seewage treatment plant
- Security & Convenience
- Best-in-class Specifications with Designer House Elevation





Shrine+91 98337 11720








*Conditions Apply

PLOTS AND CUSTOMISED HOUSES ALSO AVAILABLE

CALL: 97557 93333 | 97552 93333

Rera no. PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

Site address: Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.) swarnimaera@gmail.com www.swarnimaera.com

# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

करतला एवं स्वास्थ्य विभाग करतला के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की ओर से

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## शिक्षा विभाग

विकासखंड करतला के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की ओर से

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## जनपद पंचायत

करतला, जिला-कोरबा (छ.ग.)

समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**रामायण बरेठ**

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**प्रवीण शर्मा**

पूर्व अध्यक्ष-व्यापारी प्रकोष्ठ भाजपा मंडल बरपाली

पठियापाली वाले महाराज

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**उमेंद सिंह कंवर** प्राचार्य

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**जय सिंह कंवर-शिक्षक**

ग्राम-मौहार (पठियापाली)

जिला कोरबा (छ.ग.)

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**मोहन कैवर्त**

पटवारी-पुरैना, लड़वाडी

प.ह.नं-06

जिला-कोरबा (छ.ग.)

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**अजय कंवर**

महामंत्री: अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा जिला कोरबा

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**श्रीमती लक्ष्मीन बाई कंवर**

जनपद सदस्य-क्षेत्र क्र.-18

जनपद पंचायत करतला, जिला-कोरबा

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

| प्राधिकृत अधिकारी | प्रबंधक |
| --- | --- |
| एच.के. चौहान | राजकुमार साहू |

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरपाली**

समस्त पदाधिकारी एवं स्टॉफ, बरपाली

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

| प्राधिकृत अधिकारी | प्रबंधक |
| --- | --- |
| लक्ष्मीनारायण जायसवाल | गंगा प्रसाद कश्यप |

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोहागपुर**

समस्त पदाधिकारी एवं स्टॉफ, सोहागपुर

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

| प्राधिकृत अधिकारी | प्रबंधक |
| --- | --- |
| एच.के.चौहान | क्रांति देवांगन |

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित फरसवानी**

समस्त पदाधिकारी एवं स्टॉफ, फरसवानी

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

| प्राधिकृत अधिकारी | प्रबंधक |
| --- | --- |
| एच.के.चौहान | तुलसी साहू |

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोथारी**

समस्त पदाधिकारी एवं स्टॉफ, कोथारी

---

श्रीमती गनेशी कंवर, सरपंच

परमानंद कंवर, पूर्व सरपंच

शोभित सिंह राठिया-सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत जर्वे

---

चंद्रशेखर बिंझवार, सरपंच

रामप्यारे बिंझवार, जनपद सदस्य

सवित साहू-सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत पिपरिया

---

सेवाराम बिंझवार, उपसरपंच

श्रीमती गीता राजवाड़े, सचिव

श्रीमती अम्बिका बाई बिंझवार, सरपंच

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत घाठाद्वारी

---

श्रीमती तीज बाई बिंझवार, सरपंच

सुरेश साहू, उपसरपंच

परसराम कौशिक, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत पुरैना

---

श्रीमती लता कंवर, सरपंच

दौलत कंवर, सरपंच प्रतिनिधि

राजेन्द्र सोनी, सचिव

श्रीमती भुनेश्वरी पटेल, उपसरपंच

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत कलईलारा

---

श्रीमती तेरस बाई बिंझवार, सरपंच

सत्यनारायण कंवर, सचिव

नरेन्द्र बिंझवार, पूर्व सरपंच

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत देवलापाठ

---

श्री राहुल देव कंवर, सरपंच

श्री परमानंद राजवाड़े, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत राजपानी

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**श्रीमती प्रेम बाई मांझी**, सरपंच

**चैनूसिंह बिंझवार**, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत जामपानी

---

श्रीमती सरिता कंवर, सरपंच

श्रीमती अंजू पाण्डेय, उपसरपंच

रमेश बिंझवार, सचिव

पंचगण-कमलेश्वरी कंवर, रामेश्वरी कंवर, गनेशी कंवर, कौशिल्या बाई, छतबाई, उतरा बाई कंवर, सावला, सूरज सिंह, छतराम, श्रीबदयाल कंवर, परदेशीराम, ग्राम पंचायत दमकडोला

---

श्रीमती फगनी बाई कंवर, सरपंच

श्री सत्यनारायण कंवर, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत सोहागपुर

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

रति सिंह कंवर, सरपंच

श्रीमती गणेशी बाई, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत बेलाराई

---

श्रीमती रामबाई बिंझवार, सरपंच

सीताराम बिंझवार, सरपंच पति

विरेन्द्र सिरमण, सचिव

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

धनंजय कुमार बिंझवार, सरपंच

किरण कुर्रे, उपसरपंच

राजेन्द्र कुमार खांडे, सचिव

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्रीमती तेरस बाई बिंझवार, सरपंच

गुलाब सिंह बिंझवार, उपसरपंच

सावराम दीवान, सचिव

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्रीमती करम देवी कंवर, सरपंच

श्रीमती शिखा मिश्रा, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत महुदपुर

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री गुरुवार कंवर, सरपंच

श्री प्रेम राजपूत, सचिव

उप सरपंच, रोजगार सहायक सहित पंचगण ग्राम पंचायत तेलसा

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

| प्राधिकृत अधिकारी | प्रबंधक |
| --- | --- |
| एच.के.चौहान | चंद्रशेखर कैवर्त |

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित पठियापाली**

समस्त पदाधिकारी एवं स्टॉफ, पठियापाली

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

| प्राधिकृत अधिकारी | प्रबंधक |
| --- | --- |
| लक्ष्मीनारायण जायसवाल | तरूण देवांगन |

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुखरीकला**

समस्त पदाधिकारी एवं स्टॉफ, सुखरीकला

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**दिव्यांश होटल, पुरैना**

सोना दास महंत

कोरबा-चांपा रोड स्थित पुरैना, मड़वारानी

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**रामकुमार यादव**

अधिवक्ता

जिला एवं सत्र न्यायालय, कोरबा

हरिभूमि प्रतिनिधि, सरगबुंदिया

मो.-9981912671

---

संकलनकर्ता

**फिरतन विश्वकर्मा**

हरिभूमि प्रतिनिधि

मड़वारानी, मो.9907278779

## खबर संक्षेप

### निषाद समाज का परिचय सम्मेलन आज

**कोरबा।** छग निषाद समाज का परिचय सम्मेलन केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य अतिथ्य व मच्छुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एमआर निषाद की अध्यक्षता में रविवार को केंवट भवन बुधवारी बाजार में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में महाराजा गुहा निषाद राज जयंती भी मनाई गई। इसके साथ ही राज्य स्तरीय युवक युवती तथा विधवा विधुर परिचय सम्मेलन आयोजन किया गया।

### दमखांचा में डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला आयोजन आज

**मड़वारानी।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दमखांचा में 28 जनवरी को डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 10 हजार रू दिया जाएगा। द्वितीय पुरुस्कार 8 हजार तृतीय पुरस्कार 7 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 6 हजार, पंचम 5 हजार, सष्टम 4 हजार, सप्तम 3 हजार, अष्टम 2 हजार, नवम 2 हजार, 10वां एक हजार दिया जाएगा। एकल युगल डांस प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय पुरुस्कार 3 हजार, तृतीय 2 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 15 सौ पुरस्कर दिए जाएंगे।


### स्कूल में गणतंत्र दिवस के समारोह के दौरान हुआ हादसा

# इलेक्ट्रॉनिक स्मोक डिवाइस ब्लास्ट होने से तीन बच्चे झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबेडकर स्टेडियम बालको में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान एमजीएम स्कूल बालको के तीन छात्रों की इलेक्ट्रॉनिक स्मोक डिवाइस से जलने की घटना सामने आई है। हादसे में तीन छात्र बुरी तरह से झुलस गये हैं। घायल छात्रों का प्राथमिक उपचार बालको के विभागीय अस्पताल में कराया गया है। हादसे के वक्त एमजीएम स्कूल के बच्चे डांस की प्रस्तुति दे रहे थे।

इलेक्ट्रॉनिक स्मोक डिवाइस को बच्चों के पैरों में बांधा गया था। डांस के बीच में ही अचानक स्मोक डिवाइस में ब्लास्ट होने के कारण तीन छात्रों का शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरीके से इसमें झुलस गया। इस घटना से स्टेडियम में अफरा-तफरी की मच गई। तत्काल छात्रों को के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। हादसे में एमजीएम स्कूल स्कूल प्रबंधन की लापरवाही देखने को मिली है। जिसके कारण डांस करने के दौरान ही स्मोक डिवाइस में शॉर्ट सर्किट होने के कारण तीन छात्र बुरी तरह से झुलस गए। स्कूल के प्राचार्य वर्गीस ने बताया कि स्मोक डिवाइस की जानकारी उन्हें नहीं थी। छात्रों और डांस टीचर को रही होगी। बच्चों का इलाज हो गया है। वहीं, अभिभावकों ने एमजीएम स्कूल प्रबंधन के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए प्रबंधन की लापरवाही बताई है। उन्होंने बताया कि स्कूल के टीचर घटना के बारे में पूछने पर गोल-मटोल जवाब देते हैं। प्रबंधन की लापरवाही से गई उनके बच्चे के साथ ऐसी घटना घटित हुई है।



हादसे में घायल छात्रा।

### कॉलेज में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**पाली।** शासकीय नवीन कॉलेज पाली में विकसित भारत 2047 में नीडोनॉमिक्स की सार्थकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व कुलपति डॉ. मदन मोहन गोयल ने विषय पर दी विस्तृत जानकारी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि स्टारेक्स एवं जगन्नाथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. मदन मोहन गोयल रहे। वहीं विशिष्ठ अति अतिथि के रूप में पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पराज लाजरस ने की। विधायक श्री मरकाम ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला के लिए महाविद्यालय परिवार को बधाई दिया तथा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा देकर देशहित में उनकी प्रतिभाओं का इस्तेमाल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक हर्ष पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम में कविता ठक्कर, टीकाराम कश्यप, जागृति साहू, वर्षा लकड़ा, भूमिका चंद्राकर, नंदनी साहू, नाजिया बेगम, जितेंद्र शुक्ला, कमल दास, छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक शोधार्थी मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जहां बिजली...

पहली योजना जल जीवन मिशन की है। जिसमें पानी टंकी का निर्माण कर पाईप लाईन बिछाने के साथ घर-घर कनेक्शन देना है। दूसरी योजना मल्टी विलेज योजना है। इस योजना के तहत नदी, नालों में एनीकट का निर्माण कर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना कर गांव तक पानी पहुंचाना है। पीएचई विभाग ने इन दोनों योजनाओं के लिए चयनित ग्राम पंचायतों को इनसे अलग कर अब वहां सोलर संयंत्र लगाकर हैंडपंप से पानी उपलब्ध कराने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है और इस योजना के तहत उन ग्रामों का चयन किया गया है, जहां बिजली पहुंच चुकी है। विभाग ने चरणबद्ध तरीके से इस योजना के तहत कार्य शुरू किया है ताकि ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो सके, किंतु जिन ग्राम पंचायतों में हैंडपंप में सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं वहां पानी का जल स्तर पहले से ही नीचे हैं। ऐसे में सालर सिस्टम लगाकर पानी निकालने जैसी योजना गले नहीं उतरती। विभाग की इस योजना को लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश है।

### बार्न उल्लू देखने...

ने इसकी पहचान उल्लू पक्षी के रुप में की। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि सफेद उल्लू कृषि क्षेत्रों और गांव के खुले स्थानों को पसंद करते हैं। यह बाड़ों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर रहता है। सफेद उल्लू रात के समय शिकार के लिए निकलता है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बार्न उल्लू का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि जिले में पहली बार सफेद उल्लू एसईसीएल मानिकपुर के सेंट्रल वर्कशॉप में नजर आया था, जिसे वन विभाग को सुपुर्द किया गया था। बताया जा रहा है कि सफेद उल्लू का चेहरा दिल के आकार का होता है। वह कुशल शिकारी होता है। रात के समय शिकार के लिए निकलता है।

### कोल माइनिंग...

शुक्ला ने दावा किया कि इन कोयला ब्लॉक में खनन से 32 लाख से अधिक पेड़ खत्म हो जाएंगे। भारतीय खान के अनुसार हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में कोयले का भंडार 517.93 करोड़ टन है। शुक्ला ने यह भी कहा कि पूरा क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है, जहां आदिवासियों के जंगल, जमीन, आजीविका और संस्कृति की रक्षा करना सरकारों की जिम्मेदारी है।

# कोल स्टॉक में एक बार फिर लगी भीषण आग



कोल स्टॉक में लगी आग से उठता धुंआ का गुब्बार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मानिकपुर के प्राइवेट साइडिंग के कोल स्टॉक में फिर से भीषण आग लगी है। आग लगते ही अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई है बता दें कि कुछ दिनों पहले ही प्रबंधन की बड़ी लापरवाही से आगजनी की घटना घटी थी। इसके बावजूद प्रबंधन हरकत में नहीं आया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री के पास एसईसीएल मानिकपुर के प्राइवेट साइडिंग में भीषण आग लगी है। तड़के सुबह कोयले की ढेर से उठता धुआं देख हड़कप मच गया। यहां भारी मात्रा में कोयले का स्टॉक रखा गया था। कोयला परिवहन के दौरान ओवरलोड कोयला एडजस्टमेंट कर कोयले का भंडारण डम किया गया था। आगजनी की सूचना पर पहुंची नगर सेना की दमकल वाहन आग पर काबू पाने के प्रयास में लगी हुई है। घटना की सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को भी दी गई है।



# हॉकी सद्भावना मैच का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला हॉकी संघ बालको द्वारा स्व जवाबाई निर्मलकर, स्व बलदाऊ निर्मलकर, स्व सुग्रीती निर्मलकर, स्व अनील निर्मलकर, स्व गोपालशरण निर्मलकर, स्व सरीश निर्मलकर के स्मृति में डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम बालको नगर में हॉकी सद्भाभावना मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पांच टीमों ने भाग ली थी। पांचों टीमों के विजेता, उप विजेता रहे। इसी प्रकार से बालक बालिका टीमों को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सभी खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश भारती, हॉकी सीनियर खिलाड़ी गोपाल दास महंत, धनराज निर्मलकर, प्रताप दास थे।

कोरबा मार्केट







जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...















